ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

माँ अम्बे की कृपा सब पर बनी रहे : अशोक सिंह

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 सितम्बर. भव्य हैं आपका गरबा, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह आज फूल बाग वाली माता के दरबार में आरती करने पहुंचे आरती के पास संसद में गरबा कर रही छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें बधाई दी

गरवा सिर्फ नृत्य नहीं मॉ की अराधना और हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान- राजेश्वरी देवी

और कहा कि मॉ अम्बे की कृपा सब पर बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने आयोजन समिति को भी बधाई और कहां थी आपका गरबा ग्वालियर में सबसे भव्य है। फूलबाग बाली माता के दरबार में नवरात्रि महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आज केआरजी कॉलेज की 100 से ज्यादा छात्राओं ने आज फाइनल में रात 11.30 बजे तक एक दूसरे के साथ कदम ताल मिलाते हुए रंग बिरंगे लहंगा चुनरी में गरबा डांडिया कर मॉ अम्बें काली की अराधना की। कार्यक्रम में छात्रओं द्वारा शुरुआत में नृत्य करते हुए जब हाथ में थाली लिए आरती की तो वहॉ बैठे सभी दशर्क भी भक्ति भाव से भर गए। इन छात्रओं को श्रीहरी ग्रुप के सेंकी मुस्कान, पियुश, किट्ठू, हिंमाश, कोरियोग्राफर बिन्नी गोड ने गरवा डांडिया का प्रशिक्षण दिया। श्री रामराजेश्वरी सेवा समिति द्वारा तीसरी बार आयोजित हो रहे नवभारत आदर्श ग्वालियर नवरात्रि एवं महागरबा महोत्सव मैं माता के सातबें दिन गरबा डांडिया देखने मॉ के दरवार में भक्तों की भारी भीड रही। कार्यक्रम के बीच - बीच में संस्था के सभी सदस्य और पत्रकार साथियों ने माता के जयकारे भी लगाए। कार्यक्रम स्थल फूलबाग मैंदान क्र 2 पर ग्वालियर के मशहूर शंख वादक विक्रम राणा ने शंख ध्वनी से कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के मंच से संस्था अध्यक्ष मां राजेशवरी देवी ने कहा कि ग्वालियर चंबल संभाग का यह एकमात्र गरबा हैं जहॉ मॉ की झांकी तो लगाई ही जाती हैं वल्कि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होने कहा कि गरवा सिर्फ नृत्य नहीं मॉ की अराधना और हमारे देश की सांस्कृतिक पहचान भी हैं.अच्छी बात यह हैं कि अब ग्वालियर में भी गरवा डांडिया का क्रेज बढता जा रहा हैं। इस मेले में प्रवेश निन्शुल्क हैं। कोषाध्यक्ष आरती संजय भारद्वाज ने गरवा पंडाल में उपस्थित सभी प्रतिभागियों और माता के दर्शन कर मेले का आंनद लेने आए शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि माता रानी के इस दरबार में आप सभी को यह संकल्प लेना चाहिए की हम प्लास्टिक पॉलिथिन का इस्तेमल नहीं करेंगे और पर्यवरण की रक्षा कर अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाएगें। हमारे शहर में अमन चैंन शांति रहे इसके लिए हम सभी एकता और सादभाव के साथ रहेगे। अपने शहर को अपराध मुक्त और नशा मुक्त बनाने में अपना योगदन देंगे।

सातबें दिन की आरती में यह लोग रहे शामिल

फूलबाग वाली माता की सातबें दिन की आरती में, आरती संजय भारद्वाज, संजय शर्मा, राहुल जैन, दीपक शर्मा, सुनील शर्मा, वर्षा दीपेश पाराशर, पूजा देवेन्द्र शिवहरे, अनुपमा राज दंडोतिया, मिनाझी विक्रम राणा, बृजेश चतुर्वेदी, रोहित दीप्ति पाठक, मोहित थापक, अमित चतुर्वेदी,आलोक दुवे, अर्जुन यादव श्रीजी टेंट, राजू ठेकेदार, विशाल सेंगर, आदर्श भारद्वाज; सत्यम राणा आदि शामिल रहे।

कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

ग्वालियर . डबरा सिटी थाना क्षेत्रांतर्गत सिमरिया टेकरी हाईवे पर कार क्रमांक एमपी 07 जेडसी 8706 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए रास्ते से गुजर रही बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार देवेश राजौरिया (30) निवासी शिक्षक कॉलोनी डबरा घायल हो गया। हादसा देख जुटे लोगों ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां उपचार करवाने के उपरांत देवेश ने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

गजराराजा मेडिकल कॉलेज में एंटी रेबीज डे पर हुई कार्यशाला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 सितम्बर. विश्वभर में 28 सितंबर को एंटी रेबीज डे मनाया जाता है। इसी अवसर पर गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा (पीएसएम) विभाग द्वारा रविवार को एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विशेष रूप से इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों और कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी, ताकि रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और समय पर उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित हो
कार्यशाला के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. आर.के.एस. धाकड़ रहे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि रेबीज एक घातक बीमारी है, लेकिन सही समय पर उपचार मिलने से इसकी रोकथाम पूरी तरह संभव है।

उन्होंने यह भी कहा कि पहले लोगों में रेबीज को लेकर कई भ्रांतियां थीं, लेकिन अब धीरे-धीरे जागरूकता बढ़ने से स्थिति बेहतर हो रही है। यही कारण है कि अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। कार्यशाला में पीएसएम विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज बंसल और डॉ. अवधेश दिवाकर ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को रेबीज की रोकथाम और इसके उपचार संबंधी वैज्ञानिक जानकारी विस्तार से प्रदान की। उन्होंने बताया कि किसी भी कुत्ते या अन्य जानवर के काटने के बाद घाव की तुरंत साफ-सफाई और समय पर टीका लगाना बेहद जरूरी है। साथ ही, सामान्य लोगों में इस विषय पर जागरूकता फैलाना भी चिकित्सकों की जिम्मेदारी है। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि रेबीज से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका समय पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाना है।

कार्यशाला में उपस्थित चिकित्सा शिक्षकों ने सवाल भी किए, जिनका जवाब देकर उनकी जिज्ञासा को दूर भी किया। इस अवसर पर इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के कई डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के मन की बात को सभी बूथों पर देखा व सुना गया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 सितम्बर. देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथ केन्द्रों पर देखा व सुना गया। इसी के चलते भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया दीनदयाल मंडल, पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर संत रविदास मंडल में, मंत्री नारायण सिंह कुशवाह गुप्तेश्वर मंडल वार्ड क्रमांक 49 में बूथ क्रमांक 26 के अंतर्गत निजी निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मुकेश चौधरी ने दुर्गादास राठौर मंडल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम सुना गया।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छठ पूजा, खादी, और नारी शक्ति जैसे मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

मोदीजी ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा को अभूतपूर्व और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सेवा में लगे रहते हैं।

अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण की तिथि बढ़ी

ग्वालियर. प्रदेश में शिक्षण सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों के मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गई है। अब अशासकीय विद्यालय मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रूपये की राशि सहित आवेदन कर सकेंगे। मान्यता नवीनीकरण का पोर्टल 29 सितम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी स्कूल शिक्षा के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दी गई है।

किशोरावस्था मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 सितम्बर. क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर के प्राचार्य डॉ.पी के. जैन से प्राप्त

किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर समस्या : डॉ . जैन

जानकारी के अनुसार यूनिसेफ के सहयोग से क्षेत्रीय किशोरावस्था मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन होटल क्लार्क इन ग्वालियर में किया गया , कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. सी.पी. बंसल, डॉ. अजय गोड तथा डॉ. प्रशांत कुमार हेल्थ स्पेशलिस्ट यूनीसेफ मध्यप्रदेश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया.

डॉ. प्रशांत कुमार ने अपने उदबोधन में कहा कि देश एवं प्रदेश में किशोरावस्था की आयु में मानसिक स्वास्थ्य के प्रकरण दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है आंकड़ों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

डॉ.अजय गोड विभागाध्यक्ष बाल एवं शिशु रोग विभाग जीआरएमसी ग्वालियर द्वारा किशोरी को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को कम करने के



सुझाव दिये तथा डॉ. सुहास धौडे ने कहा कि आधुनिक युग में बढ़ते स्कीन टाईम भी मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है जिसे कम करने की आवश्यकता है, डॉ. अशोक बागा ने किशोरावस्था में गुस्से पर काबू करने के सुझाव दिये. कार्यक्रम में डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ. रश्मी गुप्ता, डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. प्रकाशवीर आर्य, डॉ.सुनीता प्रसाद डॉ. स्नेहा गडकर , डॉ. प्रतिभा धीर ,श्रीमती ज्योति डॉ. विनोद सक्सेना वरिष्ठ चिकित्सक भिण्ड ने मानसिक स्वास्थ्य पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में युनिसेफ रीजनल हेल्थ कोऑर्डिनेटर श्री शिवदत्त पाराशर, डिवीजनल कोऑर्डिनेटर डॉ.शाहिद इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक, जिला चिकित्सा मुरार, सिविल हॉस्पीटल हजीरा एवं मानसिक आरोग्यशाला के चिकित्सक, आई.टी. एम. युनिवसिटी के प्रोफेसर एवं छात्र तथा आयोजक प्रशिक्षण केन्द्र ग्वालियर के संकाय सदस्य डॉ. सरिता सिंघल, डॉ.शिरीष सिंघल, डॉ. ब्रजेश शर्मा, मनोज आर्य एवं स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यशाला का संचालन डॉ. ब्रजेश शर्मा द्वारा किया।

आम सूचना

श्रीमती ममता तोमर पत्नी श्री रामप्रसाद सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 120 स्थित सौई लोधनदास कॉलोनी, ग्राम सैथरी, प.ह.नं. 99, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.62 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.613/1, 613/2, 614/1, 614/2 एवं 615/2 ग्राम तैथरी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भूखण्ड क्र. 127, पश्चिम में-रास्ता 22 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड क्र.121 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र.119 है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती भूरीबाई पत्नी श्री चंदन सिंह, श्री ज्ञान सिंह, श्री सालीग्राम पुत्रगण श्री चंदन सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री ज्ञान सिंह द्वारा उका सम्पत्ति श्रीमती ममता तोमर पत्नी श्री रामप्रसाद सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142592022ए1866293 दिनांक 24.08.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती ममता तोमर द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

सम्बन्ध विच्छेद आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दीपक चंदेल पुत्र श्री के. बी. चंदेल निवासी विनय नगर सेक्टर-4 पार्क के सामने लश्कर ग्वालियर है जिनके दो पुत्र है , मेरे पक्षकार का बड़ा पुत्र पवन एवं उसकी पत्नी प्रीती वर्तमान में मधुवन कॉलोनी, शिवपुरी लिंक रोड, ग्वालियर में रह रहे हैं तथा तथा मेरे पक्षकार का छोटा पुत्र हर्ष चंदेल मेरे पक्षकारा के साथ निवास कर रहा है । मेरे पक्षकार के बड़े पुत्र पवन एवं उसकी पत्नी प्रीती के साथ पक्षकार के सम्बन्ध ठीक नहीं है, जिस कारण मेरा पक्षकार अपने बड़े पुत्र पवन व उसकी पत्नी प्रीती से अपने सारे सम्बन्ध खत्म करते हुए अपनी सम्पूर्ण चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता है । इस आम सूचना प्रकाशन के बाद मेरे पक्षकार के पुत्र पवन एवं उसकी पत्नी प्रीती एवं उसके परिजनों से किसी प्रकार का कोई विवाद एवं घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरे पक्षकार एवं उसकी पत्नी श्रीमती नीलम, भाई अभिषेक एवं उसकी पत्नी श्रीमती दीपा एवं तलाकशुदा बहिन बबली,छोटा बेटा हर्ष चंदेल एवं अन्य परिजनों की नहीं होगी तथा पवन द्वारा मेरे पक्षकार एवं उसके परिजनों के नाम पर किसी व्यक्ति , संस्था , विभाग या व्यक्तिगत लेन देन करता है तो उसकी जिम्मेदार मेरे पक्षकार की न होकर स्वयं पवन चंदेल की होगी , अत: सर्व सूचित हो।

दिनांक-28-09-2025

प्रेषक
दीपक चंदेल
पुत्र श्री के. बी. चंदेल
पता-डी 1/120, विनय नगर सेक्टर-4, पार्क के पास, लश्कर, ग्वालियर
द्वारा - पुरुषोत्तम तंवर एडवोकेट
रामकुई की गली, नक्काशा नं. 2, लश्कर , ग्वालियर,
मोबा. नं. 9098359554

विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें

ग्वालियर 28 सितम्बर. ग्वालियर नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों में चल रहे विकास कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को समीक्षा की। उन्होंने सड़कों की मरम्मत सहित विकास कार्यों में गति लाने और गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। विकास कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि जो ठेकेदार समय पर व गुणवत्ता के साथ कार्य नहीं करा रहे हैं उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सम्पत्तिकर व जल कर की वसूली में तेजी लाने पर जोर दिया और इन करों की वसूली के लिये विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 48, भवन क्रं 2286 का भाग,स्थान बजरंग गढ की पुलिया,मेवाती नगर लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि अजय सिंह भदौरिया/ अजीत सिंह भदौरिया नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000227540 पर दर्ज है/ नही है। जिसका क्षेत्रफल 173.56 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602022ए175501 दिनांक 18.07.2022 प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 26.09.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 74/2010/64599/64694 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28.09.2025

आवेदक-वीना नेघी/मदन नेघी,
पता-132 सिंधी कॉलोनी लश्कर ग्वा0
मो0-8349359415

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 20, वार्ड क्रं 48, भवन क्रं 593 भाग,स्थान कदम साहब का बाडा लश्कर ग्वा0 मे स्थित है जो कि सेवाराम तनेजा/सच्चनमल तनेजा नाम से नगर निगम मे आई डी क्र 1000073013 पर दर्ज है/ नही है। जिसका क्षेत्रफल 807 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रं R-03092501295731 दिनांक 03.09.2025 प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र 20 सिधी कॉलोनी बरार समाज, क्षे.क्र 20, पर दिनांक 23.09.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्रं 74/2010/64567/64662 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28.09.2025

आवेदक-राधा गुप्ता/मुरारी लाल गुप्ता
पता-कदम साहब का बाडा लश्कर ग्वालियर

जीवाजी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध, म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त

जे. एम. कॉलेज ऑफ एज्यूकेशन

बाईपास रोड, श्योपुर जिला-श्योपुर (म.प्र.) - 476337
मोबा. 9826254053, 8839006713

में निम्न पदों के लिये आवश्यकता है

01	प्राचार्य	01	M.Ed, Ph.D
02	व्याख्याता	12	NET, Ph.D
03	स्पोर्ट्स ऑफीसर	01	NET, Ph.D
04	क्राफ्ट अधिकारी	01	NET, Ph.D

शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान म.प्र. शासन एवं यूजीसी नियमानुसार देय होगा। आवेदन निम्न पते पर 15 दिवस में कर सकते है।

सुरक्षित समाज के लिए पुलिस का ''मैं हूँ अभिमन्यु'' अभियान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 28 सितम्बर. पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संपूर्ण प्रदेश ''मैं हूँ अभिमन्यु'' अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा समाज में पुरुष वर्ग को महिला संबंधी अपराधों के प्रति संवेदनशील बनाना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के तारतम्य में ग्वालियर पुलिस द्वारा भी पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर ''मैं हूँ अभिमन्यु'' अभियान चलाया जा रहा है।

अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में ''मैं हूँ अभिमन्यु'' अभियान के तहत डीएसपी महिला सुरक्षा श्रीमती शिखा सोनी एवं महिला थाना प्रभारी रश्मि भदौरिया द्वारा बहोड़ापुर क्षेत्र में स्थित संतकृपाल सिंह आश्रम में जाकर महिलाओं की सुरक्षा व समानता तथा पुरुष वर्ग

में नारी के प्रति सम्मान का भाव बढ़ाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे ''मैं हूँ अभिमन्यु'' अभियान से अवगत कराया गया और जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल अपराध, महिला संबधी अपराध, साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूक किया गया और वर्तमान समय में हो रहे साइबर संबंधी अपराधों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, साइबर ब्लैकमेलिंग, हाउस अरेस्ट, साइबरस्टॉकिंग आदि जैसे अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 112 सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन से भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया गया।

इसी प्रकार थाना हस्तिनानपुर क्षेत्र के ग्राम सिरसोस बस स्टैंड पद उपथित लोगों को पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान मैं हूं अभिमन्यु के तहत समाज में फैली बुराइयों जैसे की दहेज, रूढ़िवादिता, लिंग भेद, अशिक्षा, नशा, असंवेदनशीलता आदि बुराइयों के चक्रव्यूह को तोड़कर स्वच्छंद समाज के विकास में सहयोग प्रदान करने के बारे में जागरूक किया गया साथ ही साइबर, चाइल्ड, महिला सहायता संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई एवं अभियान से संबंधित पंपलेट वितरित किये गये।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 भवन क्र. 1727 स्थान गोमती की फड़ी हेमसिंह की परेड ग्वा. विक्रेता छोटेलाल कुशवाह/स्व. खासा राम कुशवाह के नाम से नगर निगम में सम्पति आईडी क्रमांक 1000328572 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 900 विक्रय पत्र क्रमांक 1/339 दिनांक 11/2/2009 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र केन्द्र लक्कड़खाना ग्वालियर पर दिनांक 17/9/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य 87/2015/20100/19840 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
क्रमांक

विज्ञप्ति जारी दिनांक 17-9-2025
आवेदक का नाम-शीला यादव/उमेन्द्र सिंह यादव
पता-गोमती की फड़ी हेमसिंह की परेड
मो. 982665560

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पति क्षेत्र क्रमांक 20 वार्ड क्रमांक 48 भवन क्र. 169 का भाग स्थान संभाजी विलास कॉलोनी लश्कर ग्वा. ग्वा. विक्रेता रामलाल भारद्वाज/स्व. खेल चन्द्र भारद्वाज के नाम से नगर निगम में सम्पति आईडी क्रमांक 1000340485 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 1500 विक्रय पत्र क्रमांक MP142602022A1826944 दिनांक 8/5/2022 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पतिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र केन्द्र लक्कड़खाना ग्वालियर पर दिनांक 23/9/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य 74/2010/64562/64657 है उक्त के संबंध में यदि किसी को आपति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पतिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।
क्रमांक

विज्ञप्ति जारी दिनांक 23-9-2025
आवेदक का नाम-महेश दीगरा/स्व.नारायण दास ढीगरा, शोभा दीगरा/महेश दीगरा
पता-संभाजी विलास कॉलोनी न.2 लश्कर ग्वा.

लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक

ग्वालियर. आज की रामलीला में श्रीराम पंचवटी में जाकर कुटिया का निर्माण करते है और वहां पर सीता और लक्ष्मण के साथ निवास करते है। रावण की बहन सूपर्णखा घूमती हुई पंचवटी पहुचती है तथा राम को देखकर मोहित हो जाती है। वह राम से विवाह की बात रखती है,लेकिन अपने शादीशुदा का कह कर लक्ष्मण की ओर भेज देते है। लक्ष्मण जी के मना करने पर वह क्रोधित हो जाती है और वह सीता को खाने के लिए दौडती है। लक्ष्मण अपने तलवार से उसकी नाक और कान काट देते है । सूपर्णखा रोती हुई अपने भाई खर और दूषण के पास पहुचती है और सारी घटना बताती है ।

एक नजर में

चलो बुलावा आया है,भक्ति में लीन कर रहे पैदल यात्रा

ग्वालियर। नवरात्र के आज छठवें दिन मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ लगी हुई है। भक्त आज मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर रहे हैं। आलम यह है कि भोर होते ही पदयात्रा करते हुए भक्त मंदिरों में पहुंचकर दर्शन करते हुए मनोकामना मांग रहे हैं। सुबह से ही भक्त माता के भजन गाते हुए मंदिर पहुंचे। भक्तों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। मंदिर में हर आने और जाने वाले भक्तों पर पुलिस की नजर बनी हुई है। पुलिस की निगरानी में पहुंचकर भक्त देवी दर्शन करते हुए परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं। आज छठ-वीं तिथि पर शहर के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ लगी है तो यह सिलसिला नवमीं तक चलेगा। इसी के साथ भजन कीर्तन भी हो रहे हैं। शीतला माता मंदिर पर भक्तों की अपार भीड़ दर्शन करने पहुंच रही है। भक्तों के साथ कोई घटना घटित न हो इसे देखते हुए पुलिस के जवान रास्तेभर तैनात हैं। रात गहराते ही महिला-युवतियों से लेकर बुजुर्ग और युवाओं की टोलियां जय माता दी की गूंज के साथ शीतला माता मंदिर पहुंच रही हैं। आलम यह है कि भोर होने तक भक्तों की भीड़ मंदिरों में इस तरह लगी है कि दर्शनार्थियों को इंतजार करना पड़ा। अष्टमी तिथि को महागौरी की पूजा और हवन के साथ कन्या पूजन के साथ भंडारो का सिलसिला शुरू होगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तृतीय स्कंध में लिखा है कि कन्या पूजन और हवन के बिना नवरात्र की पूजा संपन्न नहीं की जा सकती।

आईपीएस कॉलेज में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन

ग्वालियर 28 सितम्बर. आईपीएस महाविद्यालय समूह के आईपीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे का आयोजन किया गया . आयोजन मै प्रतिभागियों ने पोस्टर प्रेज़ेन्टैशन, स्पीच कॉम्पेटीशन और प्लांटेशन कार्यक्रम में भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान समस्त प्रतिभागियों में से बेहतर प्रस्तुति देने वालों के लिए पुरस्कारो का वितरण किया गया, जिसमें पोस्टर में प्रथम स्थान महक खटीक एवम द्तीय स्थान दुष्यंत सिंह भदौरिया तथा स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तरुण प्रजापति एवम द्वितीय स्थान आफ़रीन राईन ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत डॉ संदीप जैन द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन हिरेश दत्त ने किया। कार्यक्रम के दौरान समूह के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा, समूह निदेशक डॉ अरुण कुमार त्यागी, फार्मेसी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहन, प्राध्यापक डॉ अतुल कौशिक एवं फार्मेसी के समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ और विद्यार्थी गण उपस्थित रहे .

चंद्रपुर फॉरेस्ट अकेडमी प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल प्रशिक्षण दिया

ग्वालियर 28 सितम्बर . आज चंद्रपुर फॉरेस्ट अकैडमी महाराष्ट्र से 39 प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर की तपोवन नर्सरी में प्रशिक्षण लेने हेतु वेस्ट इंडिया टूर प्रोग्राम के तहत हनुमंत जाधव सहायक संचालक, चंद्रपुर फारेस्ट अकेडमी के नेतृत्व में आये। तपोवन नर्सरी में सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर के वनमंडलाधिकारी मीणा अवधेशकुमार शिवकुमार के दिशा निर्देशन में सहायक वनसंरक्षक माधु सिंह सिसोदिया द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को पोंटिंग मिश्रण, थैली भराई, बीज बुवाई, पौध तैयारी के साथ साथ पॉलीहाउस, मिस्ट चेंबर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। सुनील राजावत रोपणी प्रभारी मुरैना द्वारा मौके पर ग्राफ्टिंग की विधि के बारे में जानकारी दी एवं प्रशिक्षु अधिकारी द्वारा भी ग्राफ्टिंग कार्य करवाया गया। रोपणी प्रभारी ग्वालियर श्री राशिद सिद्दीक़ी द्वारा तपोवन नर्सरी मैं संचालित की जाने वाली गतिविधियों के बारे जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा सामाजिक वानिकी वृत्त ग्वालियर के कार्यों की सराहना करते हुए मीना, श्री सिसोदिया एवं समस्त तपोवन स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

नि :शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

ग्वालियर, 28 सितम्बर . जैन मिलन, महिला शाखा, पार्श्वनाथ चेतकपुरी के तत्वावधान में नि :शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि जैन मिलन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन महेंद्र जैन टोंग्या थे, संस्था की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शीला टोंग्या, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अनीता जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेंद्र जैन, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश जैन, क्षेत्रीय संयोजक संजीव जैन, क्षेत्रीय चेयरपर्सन (शाकाहार समिति) पी.सी. जैन, सकल महापंचायत अध्यक्ष पारस जैन विशेष रूप से उपस्थिति रहे। विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों डॉ. नेहा हबलानी एवं डॉ. हेमंत गोयल की टीम ने बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण कर मौखिक स्वच्छता और दांतों की देखभाल संबंधी उपयोगी जानकारी दी। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने परीक्षण का लाभ उठाया और नियमित जांच व संतुलित आहार अपनाने के लिए प्रेरित हुए। शिविर में पुरुष शाखा अध्यक्ष वीर राजीव जैन ने स्वागत उद्बोधन दिया, वहीं महिला शाखा अध्यक्ष वीरांगना शिल्पा जैन ने आभार व्यक्त किया।

बजरंग भक्त मंडल ने इस महीने की 5616 किलो हरे चारे की सेवा,भोजन वितरण एवं सुंदरकांड पाठ

ग्वालियर, 28 सितम्बर . बजरंग भक्त मण्डल द्वारा निरंतर 6 वर्षों से प्रति सप्ताह की जाने वाली गौभोग सेवा के क्रम में इस महीने सितंबर में जनकताल स्थित गौशाला में अपने सदस्यों एवं दानदाताओं के सहयोग से 5616 किलो हरे चारे की सेवा की गई। मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया कि गौसेवा के साथ ही बजरंग भक्त मंडल द्वारा अपने सदस्यों के निवास पर प्रति माह संगीतमय सुंदरकांड पाठ भी किया जाता है,उसी क्रम में इस महीने 2 सदस्यों आशीष मंगल एवं दीपक गुप्ता के निवास पर पृथक पृथक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही मंडल द्वारा इस महीने नारायण वृद्ध आश्रम में नाश्ते की सेवा जौरा वालों द्वारा,नारायण वृद्ध आश्रम में नाश्ते की सेवा श्रीमती भावना मोहिले द्वारा उनके पुत्र के जन्मदिन पर एवं जयारोग्य अस्पताल में दाल चावल वितरण की सेवा अशोक गुप्ता के सहयोग से की गई। आज की सेवा में अध्यक्ष आशीष मंगल,सचिव राकेश मंगल,उपाध्यक्ष अमन गर्ग,संयुक्त उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल,हरीश अग्रवाल,राम किशोर मंगल,राजीव जादौन,पुनेश पाल,दीपक शर्मा,संतोष शिवहरे,संजीव गुप्ता,भावना मोहिले,दीपक सिंघल आदि सदस्य उपस्थित थे